राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने जारी किए आदेश

डॉ. सुधीर भण्डारी राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त

जयपुर, 18 फरवरी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को आदेश जारी कर सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय जयपुर के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. सुधीर भण्डारी को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है।

श्री मिश्र ने डॉ. भण्डारी को कार्यभार संभालने की तिथि से पांच वर्ष या सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राज्य सरकार के परामर्श से सक्षम प्राधिकारी द्वारा सतर्कता अनापत्ति प्रस्तुत करने के अधीन की गयी है।

———